**जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 22.12.2025 को आयोजित जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की डी0डब्लू0एस0एम0 बैठक/समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन, जिसके अन्तर्गत जनपद के समस्त ग्रामीण घरों को पाइप पेयजल योजना के माध्यम से क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को जनपद मुरादाबाद हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता मे डी0डब्लू0एस0एम0 बैठक/समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
2. उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद
3. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, मुरादाबाद,
6. सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग, मुरादाबाद।
7. सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
8. श्री राजेश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
9. श्री अरविन्द कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस प्रा0लि0।
10. श्री रमन यादव, डिस्ट्रिक्ट कोर्डीनेटर, डी0पी0एम0यू0
11. श्री सकील अहमद, टीम लीडर, आई0एस0ए0 (मंसूरी एकेडमी)
12. श्री हेमन्त टीम लीडर, आई0एस0ए0 (एम0टी0आई)

**बैठक की कार्यवाही निम्न प्रकार है :–**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जे0जे0एम0 फेस–2 एवं जे0जे0एम0 फेस–3 में कार्यरत्त फर्मों के कार्यों की फर्मवार समीक्षा की गयी। बैठक में फर्मो द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा की कार्यवाही बिन्दुवार निम्नानुसार है:–

1. **जल जीवन मिशन फेस–2 (एल0सी0 इन्फ्रा)**

i- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि फेस–2 के अन्तर्गत आपकी फर्म को आवंटित 210 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष मदवार प्रगति से अवगत कराये। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री राजेश पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि फेस–2 के अन्तर्गत कुल 210 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में 206 नग नलकूप बोरिंग, 195 पम्प हाउस, 135 नग उच्च जलाशय, 1574 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने, 58 नग विद्युत संयोजन एवं 94 नग सोलर अधिष्ठापन के लक्ष्य प्राप्त कर लिये गये है। वर्तमान में मुख्य रूप से उच्च जलाशय के निर्माण कार्य प्रगति पर है, धनाभाव के कारण योजनाओं के अन्य कार्यो की प्रगति धीमी है। पूर्ण योजना में से 60 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है तथा 18 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ करा दिया गया है। जिस पर रोष व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी महोदय द्वारा कहा गया कि आपका माह दिसम्बर 2025 तक 116 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का **"हर घर जल"** प्रमाणीकरण का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके सापेक्ष आपके द्वारा मात्र 60 पेयजल योजनाऐं ही पूर्ण की गयी है।

ii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि आपके द्वारा 182 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपर्ति होना दर्शाया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों से ग्रामवासियों द्वारा निरन्तर शिकायतें प्राप्त हो रही है कि कही पर भी पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मैं0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा पम्प ऑपरेटर एवं अपने स्टाफ का वेतन न देने के कारण फर्म के कर्मचारियों द्वारा अधिकतर पेयजल योजनाओं से

पेयजल आपूर्ति बन्द कर दी गयी है, फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म द्वारा अपनी योजनाओं में प्रतिदिन सुबह–शाम क्लोरीन युक्त शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

iii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि आपके द्वारा पेयजल गृह संयोजनो को घरों के अन्दर नहीं लगाये गये है अधिक पेयजल गृह संयोजनों को घरों के बाहर ही छोड दिया गया है तथा ब्रास की टोटी के स्थान पर प्लास्टिक की टोटी लगायी गयी है। विगत माह विकास खण्ड छजलैट में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा एक ग्राम का भ्रमण किया गया, भम्रण के दौरान पाया गया कि पाइप लाइन फटने के कारण जगह–जगह लीकेज हो रही थी, जिस कारण पानी की बर्बादी हो रही है। इसको देखने की आवश्यक्ता है जहां कही इस प्रकार की समस्या है उसको तत्काल सही कराये तथा सभी पेयजल गृह संयोजनों को लाभार्थियों के घरों के अन्दर कराये, जिससे नल खुले न चले तथा पेयजल की बर्बादी को रोका जा सके। सड़क पुर्नस्थापना से सम्बन्धित शिकायतों भी ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार प्राप्त हो रही है, इसमें भी सुधार की करने की आवश्यक है। जिन सड़को की मरम्मत के कार्य आपके द्वारा पूर्व में किये गये है, यदि सड़क कहीं से उखड़ गयी हो तो सड़क की पुनः गुणवत्ता पूर्वक तत्काल मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।

iv- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि आपको आवंटित प्रोजेक्ट कब तक पूर्ण हो जायेगें। तत्क्रम में फर्म प्रोजेक्ट मेनेजर श्री राजेश पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त प्रोजेक्ट को पूर्ण करने का हमारा लक्ष्य माह दिसम्बर 2025 था। परन्तु धनाभाव के कारण प्रोजेक्ट के पूर्ण होने में वर्तमान में कुछ समस्या आ रही है। धनावंटन उपरान्त फर्म के द्वारा माह मार्च 2026 तक समस्त प्रोजेक्ट को पूर्ण कर लिया जायेगा।

v- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी है कि किसी योजना पर विद्युत संयोजन से सम्बन्धित कोई समसया तो नहीं है तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि दुल्हा नियर चंगेरी में विद्युत संयोजन की समस्या है, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, मुरादाबाद द्वारा शीध्र विद्युत संयोजन कराने का आश्वासन दिया गया है।

2. <u>जल जीवन मिशन फेस–3 (एन0के0जी0 प्राइमस)</u>

i- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री अरविन्द कुमार से योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी कि तत्क्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में धनाभाव के कारण सभी योजनाओं के कार्य पूर्ण रूप से बन्द है। धनावंटन उपरान्त योजनाओं के कार्य प्रारम्भ करा दिये जायेगें।

ii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री अरविन्द कुमार सें जानकारी चाही गयी कि आपके कितने प्रोजेक्ट है तथा वर्तमान तक आपके द्वारा कितना कार्य करा दिया गया है। तत्क्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 393 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं फर्म को आवंटित है, जिसके सापेक्ष लगभग 70 कार्य पूर्ण करा दिये गये है। जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 50 प्रतिशत भुगतान प्राप्त हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि आपके द्वारा जो भी निर्माण कार्य कराये गये है, उनकी देख–रेख भली भांति करते रहे जिससे कार्यो का क्षरण न हो एवं धनराशि प्राप्त होने पर कार्यो को पुनः प्रारम्भ कराया जा सकें।

iii- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता जल निगम से जानकारी चाही गयी कि फेस–3 के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो गये है या कही पर शेष है, तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा कुछ ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु सड़के खोदकर छोड दी गयी है, परन्तु वर्तमान तक भी पाइप लाइन नहीं बिछायी गयी है। जिसको पूर्ण करने हेतु अनेक बार निर्देशित करने के उपरान्त भी फर्म द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कराये जा रहे है सडको के अधूरे कार्यो के कारण ग्रामवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

iv- जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता जल निगम से जानकारी चाही गयी कि फेस–3 के अन्तर्गत प्रोजेक्ट की कार्य लागत कितनी है, वर्तमान तक कुल कितना कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कार्य के सापेक्ष फर्म को कुल कितना भुगतान हो चुका है। प्रोजेक्ट की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की भली–भांति मॉनीटरिंग कर प्रोजेक्टवार प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करें। जिन प्रोजेक्ट में 70 से 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके है उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें, शेष प्रोजेक्ट को बाद में टेकअप करें। धन की उपलब्धता को लेकर मुख्यालय के क्या निर्देश है। तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा वर्चुअल मिटिंग में अवगत कराया गया है कि जो योजनायें आई0एम0आई0एस0 पोर्टल पर 100 प्रतिशत पूर्ण है वर्तमान में उन्ही योजनाओं पर धनावंटन किया जायेगा।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यरत फर्मो के प्रोजेक्ट मेनेजर एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन फेस–2 एवं 3 के अन्तर्गत कुल पाइप लाइन बिछाने हेतु जो सड़के डिस्मेंटल की गयी है को गुणवत्ता पूर्वक पुर्नस्थापित कराये, जिन पेयजल योजनाओं से नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है, यदि उनमें कोहरे के कारण सोलर सिस्टम क्रियाशील न हो तो डी0जी0 सेट के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी /
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।

पृ0सं0 125/ 4/605 /06 दिनांक :– 13/01/2026
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित :–**

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
5. समस्त उपजिलाधिकारी महोदय, जनपद मुरादाबाद अन्तर्गत।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मुरादाबाद।
8. जिला विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
9. प्रभागीय वनाधिकारी, मुरादाबाद।
10. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
11. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद।
12. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई, मुरादाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
14. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद।
16. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
17. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
18. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63, बुद्धि विहार फेस–2 सेट मैरी स्कूल के पास, मुरादाबाद।
19. परियोजना हेड/निदेशक, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मकान नं0 10/273 सैक्टर–10 फेस–2, एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी बिहार, मुरादाबाद–244001।
20. परियोजना प्रबन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटक्ट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर–14 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
21. डी0पी0एम0यू0 कार्यालय, मानसरोवर कालोनी, मुरादाबाद।

जिलाधिकारी /
अध्यक्ष DWSM मुरादाबाद।